# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रा0),

सिद्धार्थनगर

Mob No-9473942704 Email ID- upjnrsiddharthnagar@upjn.co.in


पत्रांक 1379 / w18 / 450 दिनांक 29.07.2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

विषयः— **दिनांक 28.07.2026 को दैनिक भाष्कर में प्रकाशित : ''बनकटा में अधूरी पानी की टंकी का निर्माण पूरा कराने की मांग'' के नकारात्मक खबर के सम्बन्ध मे।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 28.07.2026 को समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित संन्दर्भ **''सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज : बनकटा में अधूरी पानी की टंकी का निर्माण पूरा कराने की मांग''** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि बनकटा प्रथम पाइप पेयजल योजना का कार्य फेज–3 अन्तर्गत मेसर्स वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 (जे0वी0) द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। उक्त पेयजल योजना में शिरोपरि जलाशय 65 प्रतिशत, 2 नग नलकूप के सापेक्ष 1 नग नलकूप का कार्य 100 प्रतिशत, 2 नग बाउन्ड्रीवाल के सापेक्ष 1 नग बाउन्ड्रीवाल का कार्य 100 प्रतिशत, 2 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 1 नग पम्प हाउस का कार्य 75 प्रतिशत, वितरण प्रणाली का कार्य 21011 मी0 के सापेक्ष 18576 मी0, एवं गृह संयोजन 832 नग के सापेक्ष 445 नग का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। फर्म का भुगतान विगत 18 माह से लम्बित होने के कारण योजना का कार्य प्रभावित हुआ है। दिनांक 29.07.2026 को खण्ड के जूनियर इंजीनियर श्री ज्योतिष चौधरी एवं फर्म के इंजीनियर श्री राजकुमार की उपस्थिति में योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया, निरीक्षणोंपरान्त फर्म द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त पेयजल योजना का 30 दिन में प्रारम्भ करने हेतु आश्वस्त किया गया।

उक्त पेयजल योजना के अवशेष कार्यो को पूर्ण कराने हेतु फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को कार्य प्रारम्भ कराते हुये कार्य स्थल का फोटोग्राफ सहित खण्ड कार्यालय को अवगत कराने हेतु निर्देशित कर दिया गया है।

संलग्नकः— फोटोग्राफ।

भवदीय

(संजय कुमार जायसवाल)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः—

**प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1— मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2— मुख्य अभियन्ता (गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
3— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
4— जिला सूचना अधिकारी, सिद्धार्थनगर।
5— श्री अमर बहादुर, सहायक अभियन्ता।
6— श्री ज्योतिष चौधरी, जू0इं0।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner